01.04.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में शुरू होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में चलायी जायेगी बस।
- प्रदेश में स्कूल चले अभियान की शुरूआत, सीएमराईज स्कूलों का नाम अब महर्षि सांदीपनि के नाम पर होगा।
- भोपाल में वेव्स समिट के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम हुए घोषित।
- प्रदेश में कई स्थानों पर अगले चार दिनों में ओलावृष्टि और हल्की बारिश की संभावना।

कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री परिवहन बस सेवायें उपलब्ध कराने के लिए "मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा" को स्वीकृति दी गई। ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का यातायात सर्वे और बसों की उपलब्धता के आधार परयात्री बसों को चलाई जायेगी। योजना का संचालन पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप प्रक्रिया के आधार किया जाएगा। इसमें निजी बस ऑपरेटर्स को, संगठित रूप से एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत, दक्ष आई.टी. प्लेटफार्म के माध्यम से विनियमित किया जायेगा। मंत्रि-परिषद ने शासकीय सेवकों को वर्तमान में भत्तों का पुनरीक्षण करने की स्वीकृति दी है। शासकीय सेवकों के लिये सातवें वेतनमान में देय मूल वेतन के आधार पर A श्रेणी के नगरों के लिए 10%, B श्रेणी के नगरों के लिए 7%, C एवं D श्रेणी के नगरों के लिए 5% के आधार पर गृह भाडा भत्ता प्रदान किया जायेगा। मंत्रि-परिषद ने छतरपुर जिले के ग्राम लवकुशनगर में माता बम्बरबैनी प्राचीन स्थल मंदिर क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया है।

स्कूल चले हम अभियान

प्रदेश में आज से स्कूल चलें हम अभियान प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल में अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री ने नवीन सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी कार्यक्रम। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सीएम राइज स्कूलों को नाम महर्षि सांदीपनि के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस साल स्कूल प्रारंभ होने के साथ ही बच्चों को कॉपी-किताबें दी जा रही हैं। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों और में भी स्कूल चले हम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

स्कूल चलें अभियान के तहत ग्वालियर जिले के सरकारी स्कूलों में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ। सीहोर जिले में अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सीएम राइज स्कूल मंडी में आयोजित हुआ। रायसेन में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार तथा सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। नीमच जिले में भी सभी शासकीय शालाओं में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव आयोजित किए गए। सतना सीएम राइज शास.कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय धवारी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। धार जिले के 2330 प्रायमरी ,861 मिडिल स्कूलों के साथ हाई स्कूलो में भी प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<u>शिवराज उर्वरक</u>

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान सशक्त हो, उनकी आय बढ़े और वे आत्मनिर्भर बनें; इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई कार्य किए जा रहे हैं। आज लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिंह ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की संख्या बढ़ाई गई है। आज 75% से ज्यादा छोटे और सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड पर सस्ता ऋण उपलब्ध है। इस पर ऋण की सीमा 3 लाख रुपए को अब 5 लाख रुपए तक किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को किफायती दर पर उर्वरक उपलब्ध हो सकें और उनपर बाजार की बढ़ती कीमतों का बोझ न आए; इसके लिए सरकार ने पर्याप्त सब्सिडी के इंतजाम किए हैं।

<u>वेव्स भोपाल</u>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ संयुक्त भागीदारी में इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन ने वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप और इंटरनेशनल एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन असिफा इंडिया ने वेव्स अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस के फाइनलिस्ट की घोषणा आज भोपाल में की। सफल प्रतिभागियों को मुंबई में 1 से 4 मईए 2025 को होने वाले पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट ;वेव्सद्ध में पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने ने कहा किप्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय कॉमिक्स को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और उभरती प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने वेव्स के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त वैश्विक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन इंटरनेशनेल डु फिल्म डीश्एनिमेशन असिफा इंडिया के अध्यक्ष संजय खिमेसरा ने भी संबोधित किया। पीआईबीए भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने बताया कि मीडियाकर्मियों के लिए पंजीयन 15 अप्रैल तक जारी है। कार्यक्रम में देश की सबसे बड़ी कॉस्प्ले चैंपियनशिप के आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। जिसके लिए 7 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं।

औद्योगिक भुगतान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने औद्योगिक इकाइयों को राशि के भुगतान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रिगण को दिए संबोधन में राज्य शासन की प्राथमिकताओं और गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि वृहद औद्योगिक इकाइयों को वर्ष 2024-25 में कुल 3100 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया। औद्योगिक विभाग के अंतर्गत वृहद औद्योगिक इकाइयों को 702 करोड़ रुपये के इन्सेन्टिव का भुगतान करने का कार्य किया गया। एमएसएमई विभाग के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ रुपये के लम्बित इन्सेन्टिव का भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। यहां देश-विदेश की लगभग 200 कंपनियों आएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष केंद्रीय सहायता से औद्योगिक कामकाजी महिलाओं की रहवास सुविधा के लिए 284 करोड़ रुपए की राशि 5120 हॉस्टल की सुविधा स्वीकृत की गई है। ये हॉस्टल पीथमपुर, मंडीदीप, मालनपुर, विक्रम उद्योगपुरी, झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम् में स्वीकृत किए गए हैं।

मान्यता स्कूल

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग से संबंधी सभी शासकीय और मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाएँ वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया को पूर्णत: पारदर्शी बनाया गया है। अब संस्थाएँ ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायंगणकर ने कहा कि विभाग द्वारा शासकीय और अशासकीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं, जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र को अनुदान के आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। यह संस्थाएँ विभागीय पोर्टल पर अपनी संस्था की सम्पूर्ण जानकारी सहित मांग पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगी।

## मौसम

प्रदेश में मौसम तेजी से बदल रहा है। अगले चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में ओले गिरने, तेज बारिश और आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने खरगोन, खंडवा और बड़वानी में ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। जबकि सीहोर, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा, बैतूल और बुरहानपुर में तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

समाचार संक्षेप में :–

- सीहोर जिले के अंतर्गत रातापानी और खिवनी अभ्यारण के जंगलों में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में वन विभाग के लगाए गए ट्रैकिंग कैमरों में 10 बाघों की संख्या दर्ज की गई है, जिनमें 5 वयस्क मादा, 3 वयस्क नर और 2 शावक शामिल हैं।
- मंदसौर में गर्मी को देखते हुए कलेक्टर अदिति गर्ग ने जिले में अशासकीय और निजी नलकूप खनन पर 30 जून तक प्रतिबंध लगा दिया है ।
- स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया वेट लिफ्टिंग के तत्वाधान में आयोजित होने वाली नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में छिंदवाड़ा के खिलाड़ी आदित्य ठाकुर का चयन किया गया है।
- नीमच, जिले में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहतसभी सार्वजनिक जलसंरचनाओं और जलाशयों को अतिक्रमण से मुक्त करवाएं।